समाचार विज्ञप्ति

फ़ॉस्टर परिवारों के वित्तीय तनाव में कमी करना

05 जून, 2024 मीडिया पूछताछ

अल्बर्टा सरकार, सरकारी देखभाल के अंतर्गत रहने वाले किशोरों एवं युवाओं की देखभाल कर रहे फ़ॉस्टर, सगे-संबंधियों (किनशिप) और अन्य देखभालकर्ताओं की सहायता के लिए तीन वर्षों में $22 मिलियन का निवेश कर रही है।

सरकारी देखभाल के अंतर्गत रहने वाले किशोरों एवं युवाओं का उनके सहोदर भाई-बहनों, संस्कृति और समुदाय से जोड़े रखने में फ़ॉस्टर और सगे-संबंधी अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, लेकिन जीवन-यापन की बढ़ती लागत के कारण, उन्हें भोजन और कपड़े आदि जैसी दैनिक ज़रूरतों को पूरा करने के लिए वित्तीय दबाव का सामना करना पड़ता है।

फ़ॉस्टर और सगे-संबंधी देखभालकर्ताओं के लिए ज़िंदगी को अधिक आसान बनाने और उनके सशक्त समर्थन के लिए अल्बर्टा सरकार द्वारा विभिन्न देखभालकर्ता दरों में समायोजन किया जा रहा है, जो कि 1 जून से लागू हैं। इससे पूरे प्रोविंस के लगभग 7,000 देखभालकर्ताओं तथा 10,000 बच्चों, किशोरों और वयस्क युवाओं, जिनकी वे देखभाल करते हैं, को लाभ मिलेगा तथा यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि वे कमज़ोर वर्ग के उन बच्चों और युवाओं को स्थाई और अपनेपन से भरपूर आवास उपलब्ध करा सकें जिनको रहने के लिए सुरक्षित जगह चाहिए। ऐसे परिवार जो सरकारी देखभाल के अंतर्गत रहने वाले बच्चों का दत्तक ग्रहण करते हैं या उनके निजी संरक्षक बनते हैं, उन पर भी इन बदलावों का सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

"फ़ॉस्टर और सगे-संबंधी देखभालकर्ता, किशोरों एवं युवाओं को आगे बढ़ने और सफलता हासिल करने लिए ज़रूरी रिश्ता तथा समर्थन प्रदान करने के लिए हृदय से उनको स्वीकार करते हैं। इस निवेश का अर्थ है कि देखभालकर्ता परिवारों को अपनी वित्तीय स्थिति के संबंध में कम चिंता करनी होगी और वे बच्चों, किशोरों और युवाओं को भविष्य के लिए मज़बूत आधार प्रदान करने के लिए अपना ध्यान उत्कृष्ट कार्यों पर केन्द्रित कर सकते हैं।”

सर्ल टर्टन, मिनिस्टर ऑफ चिल्ड्रन एण्ड फैमिली सर्विसेज़

जून में अस्थायी और स्थायी देखभालकर्ताओं को प्राथमिक रखरखाव दरों, कौशल शुल्क, साथ ही साथ बच्चों की देखभाल और दैनिक राहत में 4.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी प्रदान की गई है।

वर्गीकरण: सार्वजनिक

यह बढ़ोतरी, अल्बर्टा चाइल्ड एंड फैमिली बेनिफिट, गंभीर रूप से विकलांगों के लिए सुनिश्चित आय (AISH), आय सहायता और अल्बर्टा सीनियर्स बेनिफिट सहित अन्य सरकारी कार्यक्रमों में हुई वृद्धि के अनुरूप है।

यह नई निवेश राशि, 2023 की शरद ऋतु यानी फ़ॉल में घोषित $23.6 मिलियन से अधिक राशि के अलावा, फ़ॉस्टर देखभालकर्ताओं और देखभाल प्राप्त करने वाले किशोरों एवं युवाओं के लिए नए समर्थन और स्थिरता उपाय के तौर पर दी गई है जिसमें परामर्श सत्रों की कवरेज, रेफ़र-ए-फ़ॉस्टर केयरगिवर प्रोग्राम को लागू करना, और ट्रांजिशन टू एडल्टहुड प्रोग्राम के प्रतिभागियों (22 वर्ष की आयु तक) की देखभाल करने वाले देखभालकर्ताओं को दैनिक कौशल शुल्क और विशेष दरें प्रदान करना शामिल है।

यह निवेश राशि, 2023 के वसंत (स्प्रिंग) में घोषित नई दत्तक ग्रहण सहायताओं (अडॉप्शन सपोर्ट्स) के अलावा है ताकि अल्बर्टा के परिवारों के लिए दत्तक ग्रहण अधिक किफायती बन सके। इस सहायता में तीन वर्ष में बढ़ी हुई कर रियायतों, लाइसेंस प्राप्त एजेंसी से दत्तक ग्रहण लागत को कवर करने में सहायता के लिए सब्सिडी तथा अल्बर्टा में दत्तक ग्रहण किए गए बच्चों के स्वास्थ्य कवरेज में बढ़ोतरी के लिए सालाना $4 मिलियन का निवेश करना शामिल है।

प्रमुख तथ्य

- वर्तमान में 1,477 फ़ॉस्टर देखभालकर्ता, 2,313 सगे-संबंधी देखभालकर्ता और 3,013 ऐसे परिवार हैं जो दत्तक ग्रहण या निजी संरक्षकता (प्राइवेट गार्जियनशिप) के ज़रिए स्थायी घर उपलब्ध कराते हैं।

संबंधित समाचार

- अल्बर्टा में दत्तक ग्रहण सब्सिडी के आवेदनों को स्वीकार किया जाना (19 दिसंबर, 2023)
- फ़ॉस्टर देखभालकर्ताओं के लिए सहायता में बढ़ोतरी (24 अक्तूबर, 2023)
- दत्तक ग्रहण को अधिक किफायती बनाया जाना (22 मार्च, 2023)
- अभियान में फ़ॉस्टर अभिभावकों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया (3 फरवरी, 2023)

संबंधित जानकारी

- फ़ॉस्टर अभिभावक बनें
- दत्तक ग्रहण करना

मल्टीमीडिया

- न्यूज़ कान्फ्रेंस देखें

मीडिया पूछताछ

ऐश्ली बैरट

587-545-8821
प्रेस सचिव, चिल्ड्रन एण्ड फैमिली सर्विसेज़